


## एक नजर में



### दी नवीन उपाश्रय निर्माण की प्रेरणा

**उज्जैन।** जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक तपागच्छ श्रीसंघ फ्रीगंज के तत्वावधान में आचार्य पदवी ग्रहण करने के उपरांत आचार्य विजयरत्नकीर्तिसूरीश्वर आदि ठाणा का प्रथम बार फ्रीगंज संघ में भव्य आगमन हुआ। मालवा की शान और आचार्य भगवंत श्रीमद् विजयनेमीसूरीश्वर समुदाय के आचार्य श्री का बैंड-बाजों और धर्म ध्वजा के साथ ऐतिहासिक स्वागत (सामैया) किया गया। श्रीसंघ अध्यक्ष एडवोकेट संजय नाहर ने बताया कि गुरुदेव ने वर्ष 2016 में ऐतिहासिक चातुर्मास श्री सिद्धचक्र केसरियानाथ तीर्थ (खाराकुंआ) पर किया था। उनके ओजस्वी प्रवचनों का लाभ अब उज्जैन के समस्त श्रीसंघों को प्राप्त हो रहा है। सोमवार को प्रातः 8 .30 बजे आचार्य श्री की शोभायात्रा सांसारिक मातृश्री श्रीमती पुष्पाबेन मेहता के निवास स्थान (दुर्गा प्लाजा, फ्रीगंज) से प्रारंभ हुई। इसमें नवरत्न महिला मंडल, शीतलनाथ महिला मंडल और उज्जैन के अधिकांश श्रीसंघों के प्रतिनिधि शामिल हुए। जुलूस तपागच्छ उपाश्रय (पुलिस कंट्रोल रूम के सामने) पहुंचा, जहां धर्मसभा आयोजित हुई। गुरुदेव ने श्रीसंघ की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए बताया कि श्रीसंघ नवीन उपाश्रय निर्माण हेतु प्रयत्नशील है। उन्होंने अतिशीघ्र निर्माण कार्य के लिए सभी समाजजनों को जुड़ने हेतु प्रेरित किया। गुरुदेव के प्रवेश और कार्यक्रम में तपागच्छ श्रीसंघ फ्रीगंज से रमेश जैन, प्रकाशचन्द्र फागनिया, ओम जैन, सोभागमल संचेती, सम्पत गांधी, सुभाष जैन, सिद्धार्थ शाह, कुशल कोठारी, चिराग बांठिया, शैलेन्द्र जैन, विशाल हरणिया, दिनेश जैन, दिलीप दुग्गड़, पंकज जैन, हर्ष जैन, यतीश बोहरा, ऋषभदेव छगनीरामजी की पेढ़ी से जयंतिलाल जैन, संजय जैन, पारस मारू, राकेश नाहटा, प्रसन्न जैन, आयुष गिरीया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। संचालन सचिव सुरेश जैन ने किया। 10 फरवरी को गुरुदेव के प्रवचन प्रातः 9 .30 से 10 .30 बजे तक फ्रीगंज उपाश्रय में ही होंगे।



### सर्व कल्याण बजरंग दल का विस्तार

**उज्जैन।** सर्व कल्याण बजरंग दल के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली निगम के नेतृत्व में मध्य प्रदेश और देश भर में चल रहे संगठन विस्तार अभियान के तहत उज्जैन जिला और संभाग में नई नियुक्तियां की गई हैं। संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। राष्ट्रीय पदाधिकारियों की अनुशंसा पर हुई नियुक्तियां। जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार झांझोट, राष्ट्रीय महासचिव मनीष सिंह चौहान, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रतीक निगम, राष्ट्रीय मंत्री योगेश जाट, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कमल सिंह दरबार और राष्ट्रीय सह सचिव राहुल जाट की अनुशंसा पर प्रवीण जाट को उज्जैन संभाग संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में नरवर ग्रामीण इकाई का भी गठन किया गया है। इसमें देवानंद जाट को नरवर ग्रामीण अध्यक्ष, राजेंद्र जाट को नरवर ग्राम सचिव और वंश जाट को नरवर इकाई में दायित्व सौंपा गया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रदेश युवा अध्यक्ष देवराम जाट, गौरक्षा प्रदेश अध्यक्ष विशाल नागर, संभाग उपाध्यक्ष जयंत चूरिया, जिला उपाध्यक्ष राहुल चावड़ा, महानगर मंत्री लोकेंद्र परमार, गोवर्धन आर्य और महिला परिषद की जिला उपाध्यक्ष मंजू सोनी ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### नगर केसरी कुश्ती के पुरस्कार वितरित

**उज्जैन।** नगर की प्राचीन संस्था अच्युतानंद प्रसादिक जीवाजी राव व्यायाम शाला भागसीपुरा द्वारा गुरुवर्य श्री अन्ना विपट की पुण्यतिथि के अवसर पर नगर के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश सिंह ठाकुर अध्यक्ष जिला कुश्ती संघ एवं अरविंद जोशी अध्यक्ष जिला लाठी संघ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष रामचंद्र सोलपंखी ने की। अतिथियों द्वारा नगर के विभिन्न अखाड़ों विजेता रहे 13 ग्रुप वजन में नगर केसरी कुश्ती स्पर्धा के 25 नगर केसरी पहलवानों को मेडल एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। स्वागत भाषण सत्यनारायण शास्त्री ने दिया इस अवसर पर जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष उमेश सिंह ठाकुर एवं कुश्ती के निर्णायक जय राठौर सचिन चौधरी, प्रमोद सूर्यवंशी, विनय चौधरी, मुरली मीणा का संस्था द्वारा खेल सम्मान से सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत महेंद्र जैन, विजय बोकड़े, महेश राठौर, यशवंत गुमास्ते, सुनील पित्रे, अरविंद करंदीकर, गोपाल व्यास, एमजी सुपेकर संजय जौहरी. मनोज राठौर, संतोष सोलंकी आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन गजानन रामी ने किया एवं आभार विनोद चौरसिया ने माना।

## शिवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात होंगे 1500 पुलिसकर्मी

### एडीजी ने ली बैठक, 200 कैमरों की नजर में होगा भीड़ प्रबंधन

**उज्जैन। महाशिवरात्रि पर्व पर महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में 1500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। भीड़ प्रबंधन के लिए 200 कैमरो से नजर रखी जाएगी। महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर सोमवार को एडीजी ने बैठक आयोजित की और दिशा निर्देश जारी किये। बता दें कि श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर जिला प्रशासन काफी सतर्क है। क्योंकि इस हिसाब से भीड़ बढ़ रही है। उसको देखते हुए ही व्यवस्था हो रही है।**

बाबा महाकाल के दरबार में महाशिवरात्रि का पर्व 15-16 फरवरी को मनाया जाएगा। प्रशासन ने 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को

पुलिस कंट्रोल रूम पर एडीजी राकेश गुप्ता की मौजूदगी में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के साथ दर्शन व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान डीआईजी नवनीत भसीन, पुलिस



अधीक्षक प्रदीप शर्मा, एएसपी गुरु प्रसाद पाराशर, आलोक शर्मा, सीएसपी स्तर के अधिकारी और थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक के दौरान अनुमान लगाया गया कि महाशिवरात्रि पर्व पर देशभर के 10 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच सकते हैं। श्रद्धालुओं को बाबा के आसानी से दर्शन हो सके और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर हो इसको लेकर 1500 पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में 150 महिला पुलिसकर्मी भी तैनात रहेगी। वीआईपी दर्शन व्यवस्था के लिए 250 पुलिसकर्मियों को जिम्मा सौंपा जाएगा। मंदिर के आसपास मार्गों पर यातायात व्यवस्था ना बिगड़े इसकी जिम्मेदारी यातायात के पुलिस जवानों पर रहेगी।

### 40 मिनट में दर्शन को इस पर मंथन

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 200 सीसीटीवी कैमरो के साथ पांच ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एआई प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। यातायात व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या को देखते हुए वाहन पार्किंग स्थल तैयार किया जा रहे हैं। मंदिर के आसपास और मार्गो पर व्यवस्था बनी रहे इसके लिए यातायात पुलिस लगातार निगरानी करेगी, भीड़ का दबाव बढ़ाते ही आने जाने वाले वाहनों का रूट बदलकर व्यवस्था संभाली जाएगी। बैठक के दौरान प्रशासन श्रद्धालुओं को 40 मिनट में दर्शन करने और विशेष मार्ग प्रणाली लागू करने की बात कही। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में मेडिकल हेल्थ पाइंट बनाए जाएंगे। वहीं दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को आसानी से दर्शन इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## योगेश्वर टेकरी पर दो मकान में लगी भीषण आग

### दमकल कर्मियों ने पाइप बिछकर पाया काबू

**उज्जैन।** आर्य समाज मार्ग पर बनी योगेश्वर टेकरी के दो मकान में भीषण आग लग गई। आग पर काबू पाया जाता उससे पहले घरों में रखा सामान पूरी तरह से जल चुका था। पुलिस ने आगजनी की जांच शुरू की है।

कोतवाली थाना क्षेत्र में बनी योगेश्वर टेकरी अति प्राचीन है जिसके एक हिस्से में रहवासी निवास करते हैं। रविवार देर शाम अचानक एक मकान में शॉर्ट सर्किट के बाद आग लगी और तेजी से फैल गई। आग ने समीप बने मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया था। आसपास के लोगों ने धुआं और लपटे उठती देखी तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन मकान ऊंचाई पर बने होने की वजह से फायर ब्रिगेड ऊपर तक नहीं पहुंच पाई, दमकल कर्मियों को पाइप बिछकर आग पर काबू पाने की मशक्कत करना पड़ी। कब तक काफी देर हो चुकी थी दोनों घरों में रखा सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया था। गनीमत रही की घटना क्रम के दौरान दोनों घरों में कोई मौजूद नहीं था जिसके चलते जनहानि नहीं हो पाई। आग से सबसे अधिक नुकसान गोरेश्वरी तंवर के मकान को हुआ। उन्होंने बताया कि मेरा पूरा घर जल गया है, कुछ भी नहीं बचा। फ्रिज ब्लास्ट हो गया था, हमें पता ही नहीं चला क्योंकि हम घर पर नहीं थे। तीन-चार घरों में आग लग गई। मेरा घर पूरी तरह जल चुका है। पड़ोस में रहने वाली नर्मदा कुमावत ने बताया कि घर का सारा सामान, टीवी, फ्रिज, सोफा और कपड़े जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि घर में कोई नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सीमा ललावत का घर भी आग की चपेट में आया है। उन्होंने बताया कि मैं काम पर गई थीं, तभी उनके पति का फोन आया कि पड़ोस में आग लग गई। लौटीं तो सारा सामान जल चुका था। सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है।

## चेक अनादरण : 38 .89 लाख प्रतिकर का आदेश

**नागदा।** न्यायालय ने चेक अनादरण से जुड़े दो प्रकरणों में अभियुक्त संजय शर्मा पिता सत्यनारायण निवासी श्रीराम कालोनी नागदा जंक्शन जिला उज्जैन के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए कुल 38 लाख 89 हजार रुपये प्रतिकर राशि अदा करने का आदेश पारित किया है। भुगतान नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त संजय शर्मा को तीन-तीन माह का सश्रम कारावास भुगतना होगा। प्रकरण में न्यायालय ने पाया कि अभियुक्त संजय शर्मा द्वारा चेक अनादरण के बाद अथवा विचारण के दौरान परिवादी को कोई राशि अदा नहीं की गई। इस पर न्यायालय ने 10 लाख रुपये मूलधन एवं 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित कुल 12,84,000 रुपये प्रतिकर देने का आदेश दिया। वहीं दूसरे प्रकरण में चेक की बकाया राशि 20 लाख रुपये पाई गई। जिस पर ब्याज सहित कुल 26,05,000 रुपये प्रतिकर निर्धारित किया गया। न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों सुखदीप सुरेश कुमार बनाम जगदीशन एवं विजय बनाम सदानंद के आधार पर स्पष्ट किया कि प्रतिकर राशि का भुगतान नहीं होने पर अभियुक्त संजय शर्मा को प्रत्येक प्रकरण में पृथक रूप से 03 तीन माह का सश्रम कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त की जमानत निरस्त कर उसे अभिरक्षा में लेते हुए सजा वारंट के साथ उपजेल खाचरौद भेजने के आदेश दिए गए।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ अवश्य लें

### सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश, कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की

**उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 11 फरवरी को प्रस्तावित उज्जैन दौरे के मद्देनज़र सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।**

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं में केवल आयु ही पात्रता का मापदंड है तथा इनका लाभ अन्य बीमा योजनाओं के साथ भी मिलेगा। इसके पश्चात कलेक्टर सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने स्वयं आवेदन भरकर योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी को प्रेरित किया।

बैठक में रबी उपार्जन पंजीयन को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र के आसपास स्थित विद्यालयों में 13 से 17 फरवरी तक होने वाली परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों के आवागमन के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा जिले के अन्य प्रमुख शिवालयों में भी सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के लिए ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए।

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए बताया गया कि अब तक 61 हजार 850 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष लंबित आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अभियान के दूसरे चरण में क्लस्टर स्तरीय शिविर लगाए जाएंगे, जिनकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।



### कृषि कल्याण वर्ष-कारण बताओ नोटिस

बैठक में कृषि कल्याण वर्ष की तैयारियों, कोर्ट प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत करने, एसआईआर कार्य एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने एसआईआर कार्य को अगले 2 से 3 कार्य दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए। टीएल बैठक में अनुपस्थित रहने पर उन्हेल नगर परिषद के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर नागदा सीएमओ, उच्च शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के जिला अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जन आकांक्षा पोर्टल पर टीएल पत्रकों की भी समीक्षा की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट सहित जिले के विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## महापौर ने राजस्थान में स्थित बाबा रामदेव महाराज की समाधि स्थल पर दर्शन किए



**उज्जैन।** महापौर मुकेश टटवाल द्वारा सोमवार को राजस्थान में पोकरण के पास रुणिचा में स्थित बाबा रामदेव जी की समाधि स्थल पर दर्शन एवं पूजन अर्चन किए गए। इस दौरान महापौर द्वारा वहां के वंशज एवं गादीपति का बाबा महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रसाद भेंट करते हुए स्वागत किया गया। महापौर द्वारा दर्शन के दौरान उज्जैन शहर के नागरिकों पर बाबा का आशीर्वाद बना रहे इस हेतु कामना की गई। साथ ही गादीपति को उज्जैन आने का आमंत्रण भी दिया गया।

## शादी के 10 माह बाद विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाया

**उज्जैन।** शादी के 10 माह बाद विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिवार ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, रात में नवविवाहिता की मौत हो गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू की गई है।

आगर के ग्राम खेकरिया में रहने वाली भावना पति अंबाराम 20 वर्ष को परिजन शुक्रवार शाम उपचार के लिए उज्जैन लेकर पहुंचे थे। जहरीला पदार्थ खाया था उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। 2 दिन चले उपचार के बाद रविवार सोमवार रात भावना की मौत हो गई। सोमवार सुबह पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया की भावना का मायका ग्राम बिरियाखेड़ी मकड़ोन में था। 10 माह पहले ही शादी हुई थी पति की तनोड़िया में मोबाइल की दुकान है। शुक्रवार को भावना ने पति को फोन लगाकर बताया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। परिजनों का कहना था कि भावना के पिता हरि नारायण की तबीयत ठीक नहीं थी। जिसके चलते वह तनाव में रहने लगी थी, संभवत इसी के चलते उसने जहरीला पदार्थ खाया था। घर में कोई वाद विवाद भी नहीं था ना ही भावना को कोई परेशानी थी। मायके पक्ष ने भी ऐसा कोई गंभीर आरोप ससुराल पक्ष पर नहीं लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में जांच की बात कही, मृतका भावना नव विवाहित थी जिसके चलते राजपत्रित अधिकारी द्वारा परिजनों के बयान लिए जाएंगे और जांच की जाएगी।

### आंखों में मिर्ची डाल महिला पर एसिड अटैक का प्रयास

उज्जैन। ढांचा भवन में महिला पर एसिड अटैक का प्रयास किया गया। महिला बच गई लेकिन एसिड़ की दुर्गंध से उसकी हालत बिगड़ गई थी। जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया। एसिड अटैक से पहले उसकी आंखों में मिर्ची डाली गई थी। ढांचा भवन में रहने वाली रूकमा पति स्व. मेहरबानसिंह 45 साल को शाम 6 बजे के लगभग रिश्तेदार जसवंतसिंह अस्पताल लेकर पहुंचा था। उसने डॉक्टरों को बताया कि रूकमा पर रिश्ते में लगने वाली 2 महिलाओं ने एसिड़ फेंकने का प्रयास किया। दोनों दवाई की शीशी में एसिड भरकर लाई थी। एसिड डालने से पहले आंखों में मिर्ची झोंकी गई है। घटनाक्रम के बाद वह रूकमा को लेकर चिमनगंज थाने पहुंचा, एसिड़ स्वेटर पर गिरा था। लेकिन दुर्गंध से हालत बिगड़ गई। पुलिस ने रूकमा को उल्टियां करते देखा तो पहले उपचार के लिये अस्पताल भेजा है। मामले में थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला बच गई है, एसिड टायलेट साफ करने का हो सकता है। उसके बयान दर्ज किये जायेंगे। मामला आपसी लेनदेन का सामने आ रहा है घटना को अंजाम देने वाली मां बेटी होना सामने आई है, जो पीड़िता की ही रिश्तेदार है।

**शिव विवाह...** शिव नवरात्रि का चौथा दिन, 11 ब्राह्मणों ने गर्भगृह में किया अभिषेक


## घटाटोप रूप में सजे भगवान महाकाल, श्रृंगार में किए गए हजारों गुलाब अर्पित

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** शिव नवरात्रि उत्सव के चौथे दिन सोमवार को भगवान महाकाल घटाटोप रूप में सजे। सुबह मंदिर प्रांगण स्थित कोटितीर्थ के तट पर पंडे-पुजारियों ने कोटेश्वर महादेव का अभिषेक-पूजन व आरती की।


इसके बाद गर्भगृह में मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 ब्राह्मणों ने रुद्रपाठ व अभिषेक किया। दोपहर में भोग आरती व 3 बजे बाद संध्या पूजन कर भगवान महाकाल को नवीन वस्त्र, रजत मुकुट और शेषनाग का कुंडल अर्पित कर घटाटोप स्वरूप में श्रृंगारित किया गया। इस अवसर पर भगवान को हजारों गुलाब के फूल अर्पित किए गए। नवरात्रि में रोज संध्या के समय भगवान का नए रूप में चांदी के मुखौटे व आभूषण पहनाकर श्रृंगार किया जाता है। विदित हो कि महाशिवरात्रि के चलते महाकाल मंदिर में इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। इसके साथ नेता और अभिनेताओं का आगमन भी प्रतिदिन हो रहा है। इसके साथ ही शिवरात्रि की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के आला अधिकारी प्रतिदिन निरीक्षण कर व्यवस्था देख रहे हैं।

### शिव विवाह पर महिलाओं के हल्दी लगाने पर पुजारी की आपत्ति



महाकाल मंदिर परिसर में शिव विवाह के अवसर पर भजन-कीर्तन कर हल्दी लगाने वाली महिलाओं को लेकर पुजारी महेश गुरु ने आपत्ति लेते कहा है कि यह सनातन धर्म के विपरीत है। दरअसल मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व से पहले नौ दिनों तक शिव नवरात्रि का उत्सव मनाया जाता है। इस दौरान मंदिर परिसर में 50-60 महिला श्रद्धालु एकत्रित होकर शिव विवाह प्रसंग को ध्यान में रखते हुए उत्सव मनाती है और भजन-कीर्तन कर एक-दूसरे को हल्दी भी लगाती है। लेकिन पुजारी का कहना है कि यह धर्म-शास्त्र में कही भी इस चीज का उल्लेख नहीं मिलता है। पुजारी ने मंदिर समिति से इस पर रोक लगाने की मांग की है।

### अंतर राष्ट्रीय दंगल में जाएंगे रमण गुरु



उत्तर प्रदेश के सहसों इटावा में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 16 व 17 फरवरी को आयोजित श्री बाबा सिद्धनाथ मेले में होने वाले अंतर राष्ट्रीय स्तर के दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित रमण त्रिवेदी भाग लेंगे। पंडित समाहित त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि दंगल के इस विशाल आयोजन में यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य, भारत सरकार के पूर्व राज्यमंत्री डॉ. रामशंकर कठेरिया भी विशेष रूप से शामिल होंगे।

## दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी घायल

**उज्जैन।** कार-बाइक भिड़ंत में सोमवार सुबह पति की मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हुई है। जिसे उपचार के लिए इंदौर रेफर किया गया है। मृतक पति का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा है। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया राघवी के ग्राम बेलखेड़ा में रहने वाले अशोक पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा 40 साल और उसकी पत्नी को गंभीर हालत में परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टरों ने अशोक को मृत्यु घोषित कर दिया। पत्नी की हालत गंभीर होने पर इंदौर रेफर किया गया है। निजी अस्पताल से मिली सूचना के बाद मामले में मर्ग कायम कर अशोक शर्मा का पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान सामने आया कि बाइक पर सवार अशोक शर्मा और उनकी पत्नी शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे उसी दौरान कार ने टक्कर मार दी थी।

## सीसीटीवी से और फ्लाइंग स्क्वाड रखेगी परीक्षा की गतिविधियों पर नजर

### अतिसंवेदनशील केंद्र पर पृथक से प्रेक्षक भी नियुक्त

**जिले के 40 हजार 234 परीक्षार्थियों की बोर्ड परीक्षा**

**आज से प्रारंभ, व्यवस्था के चाकचौबंद इंतजाम**

**उज्जैन। जिले में आज से माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो गई हैं। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जानकारी दी कि सम्पूर्ण परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता रखने के लिए सीसीटीवी से सभी स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही हैं। पेपर से सम्बंधित प्रक्रिया की संपूर्ण समय वीडियोग्राफी भी की जा रही हैं। साथ ही जिले के परीक्षा केंद्रों पर फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा सतत् चेकिंग की जा रही हैं।**

डीईओ महेंद्र खत्री ने बताया कि परीक्षा की संपूर्ण व्यवस्था कलेक्टर सिंह के नेतृत्व में की गई है। सभी केंद्रों पर केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त कर दिए गए है। सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षण कार्य करने वाले कर्मचारियों को बीईओ के माध्यम से नियुक्त कर दिया गया है। परीक्षा व्यवस्थित संचालित हो इसके लिए 10 निरीक्षण दल बनाए गए है। कुल 10 अतिसंवेदनशील केंद्र पर पृथक से प्रेक्षक भी नियुक्त कर दिए गए हैं। कुल 77 परीक्षा केंद्र पर पुलिस गार्ड भी पुलिस विभाग द्वारा नियुक्त किए गए है। ऐसे में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जायेगा।